# स्ट्रेचर के इंतजार में एंबुलेंस में हुआ प्रसव

## अस्पताल के गेट पर आधे घंटे तक कराहती रही प्रसव पीड़िता

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 दिसंबर. एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन और मिशन कायाकल्प से पुरस्कृत जिला चिकित्सालय में पदस्थ कुछ कर्मचारियों की कार्यशैली कितनी संवेदनहीन है उसकी एक बानगी बुधवार को उस वक्त देखने को मिली जब महज एक स्ट्रेचर के इंतजार में जब प्रसव पीड़िता अस्पताल के दरवाजे पर आधे घंटे तक दर्द से कराहती रही.**

यह तो गनीमत रही कि एंबुलेंस में प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित पाए गए. लेकिन



इस लापरवाह कार्यशैली ने उनकी जान सांसत में डालने के लिए कोई कसर नहीं रख छोड़ी थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर चौरासी गांव की निवासी महिला साधना यादव को बुधवार को प्रसव पीड़ा शुरु हो गई. जिसके चलते स्थानीय आशा कार्यकर्ता केतकी बाई प्रसव पीड़िता को जननी एक्सप्रेस क्र. सीजी 04 एनजेड 6041 में लेकर जिला अस्पताल पहुंची. बताया गया कि जननी एक्सप्रेस जब अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंच गई तो फौरन ही नीचे उतरकर आशा कार्यकर्ता ने स्ट्रेचर की तलाश शुरु की. मुख्य गेट से लेकर अंदर तक जब कोई स्ट्रेचर नहीं दिखाई दिया तो आशा कार्यकर्ता ने वहां पर मौजूद कुछ कर्मचारियों से मदद मांगी. लेकिन कर्मचारियों ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि कोई एंबुलेंस खाली नहीं है. बताया गया कि आशा कार्यकर्ता और प्रसव पीड़ित महिला के परिजन लगभग आधा घंटे तक परेशान रहे. लेकिन किसी ने भी उनकी मदद नहीं की. वहीं दूसरी ओर समय बीतने के साथ ही महिला का दर्द और बढ़ता गया. जिसे देखते हुए एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव कराया गया.

### बाद में भर्ती किया गया

एंबुलेंस में प्रसव होने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां में दोनों स्वस्थ्य पाए गए. यह तो गनीमत रही कि एंबुलेंस में प्रसव के बावजूद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य पाए गए. लेकिन इस तरह की संवेदनहीन कार्यशैली मरीजों के स्वास्थ्य के लिहाजा से काफी गंभीर साबित हो सकती थी.

# खुली खदान में गिरने से युवती की मौत

## बचाने गया युवक को किसी तरह बाहर निकाला गया

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. जिले के नागौद थाना क्षेत्र में एक युवती की खुली खदान में गिरने से मौत हो गई. यह घटना मंगलवार शाम बम्हौर-हार स्थित एक बंद पत्थर खदान में हुई, जिसमें पानी भरा हुआ था. हादसे में एक युवक घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने बचाया.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बम्हौर-हार में बरहा-छींदा के पास यह पुरानी पत्थर खदान खुली पड़ी है। इसके चारों ओर झांडियां उग आई हैं और खदान में पानी भरा है। खदान के पास से ही एक रास्ता गुजरता है, जिसका उपयोग लोग आने-जाने के लिए करते हैं। मंगलवार शाम करीब 6 बजे बचवई निवासी 37 वर्षीय सुधा पिता रामखेलावन कोरी इसी रास्ते से जा रही थीं। झाड़ियों के कारण वह खदान को देख नहीं पाईं और संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गईं। रैगांव निवासी पुष्पेंद्र सोनी ने उन्हें गिरते देखा और बचाने के लिए खदान में उतर गए, लेकिन खुद भी फंस गए।

### युवक को ग्रामीणों ने बचाया

चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने किसी तरह पुष्पेंद्र सोनी को खदान से बाहर निकाला। हालांकि, जब तक सुधा को बाहर निकाला जाता, उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर नागौद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया।

# अभियान के पहले दिन 76 फीसदी बच्चों की जांच

## जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के अभियान का हुआ आगाज

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसंबर. जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने का अभियान बुधवार से आरंभ हो गया. अभियान के पहले दिन 76 फीसदी बच्चों की जांच की गई. यह टास्क अभियान पखवाड़े भर तक जारी रहेगा.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 15 दिवसीय अभियान बुधवार से आरंभ हो गया. इस अभियान का शुभारंभ पतेरी स्थित प्राथमिक शाला में बुधवार की सुबह किया गया. जहां पर सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला, स्टेट कोआर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र सिंह तोमर और जिला मलेरिया अधिकारी शीला सोनकर सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा. बताया गया कि टास्क



अभियान का लक्ष्य 452 बच्चों का रखा गया था. जिसमें बुधवार को क्यूफर्ट किट द्वारा 346 बच्चों का परीक्षण किया गया. इस परीक्षण में कोई भी बच्चा फाइलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया. इस लिहाज से देखा जाए तो अभियान के पहले दिन 76 प्रतिशत बच्चों का परीक्षण किया गया.

### अमरपाटन रहा आगे

ब्लॉक स्तर पर जारी आंकड़ों के अनुसार बच्चों की हुई फाइलेरिया जांच के मामले में मैहर का अमरपाटन सबसे आगे रहा. अमरपाटन में 64 बच्चों की जांच की गई. जिसके बाद मझगवां में 55, उचेहरा में 45, मैहर में 44, नागौद में 35, सतना नगर में 35, देवराज नगर में 26, रामपुर बघेलान में 23 और कोठी में सबसे कम 19 बच्चों की जांच की गई. सतना-मैहर के सभी 9 ब्लॉक में कुल 35 विद्यालयों के बच्चों की जांच की गई.


# ट्रेन के टॉयलेट में युवक ने किया हंगामा-तोड़फोड़

▶ आरपीएफ अमले ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला

नवभारत न्यूज

**सतना 11 दिसंबर. वाराणसी से कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन में मौजूद यात्रियों के बीच अचानक उस वक्त दहशत फैल गई जब एक युवक ने टॉयलेट में चीखने-चिल्लाने के साथ तोड़फोड़ शुरु कर दी. ट्रेन के सतना पहुंचने पर आरपीएफ अमले ने टॉयलेट का दरवाजा तोड़कर युवक को बाहर निकाला. बताया गया कि फोबिया से ग्रस्त युवक को अचानक अपनी जान का खतरा महसूस हुआ, जिसके चलते घबराहट में उसने ऐसा कदम उठाया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाराणसी से कोयंबटूर की ओर जा रही 06006 स्पेशल ट्रेन के एस 4 कोच में एक युवक यात्रा कर रहा था. युवक कुछ



देर तक तो सामान्य यात्री के तौर पर ट्रेन में मौजूद रहा. लेकिन कुछ समय बाद उसकी बेचैनी बढ़ने लगी. बताया गया कि कुछ देर बाद ही युवक अजीब सी हकरतें करने लगा और भागते हुए टॉयलेट की ओर गया. युवक ने टॉयलेट में स्वयं को बंद कर लिया और जो-जोर से चीखने-चिल्लाने लगा. जिसे सुनकर वहां पर मौजूद यात्रियों के बीच दहशत फैलने लगी. इतना ही नहीं बल्कि टॉयलेट में बंद युवक ने वहां पर बुरी तरह तोड़फोड़ भी शुरु कर दी. चीखने के साथ ही तोड़फोड़ की आवाज को सुनकर दहशत में आए यात्रियों ने घटना की शिकायत रेलवे के हेल्पलाइन नंबर में कर दी. जिसके चलते सतना रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ स्टॉफ पहले से ही मुस्तैद हो चुका था. ट्रेन के सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही आरपीएफ अमला सीधे एस4 कोच के टॉयलेट के दरवाजे पर पहुंच गया. कुछ देर तक समझाने के बावजूद भी जब युवक ने दरवाजा नहीं खोला तो आरपीएफ ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर युवक को बाहर निकाला. बाहर निकाले जाने पर भी युवक बुरी तरह चीख रहा था. जिसके चलते उसे नियंत्रित करने में आरपीएफ को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. किसी तरह युवक को ट्रेन से उताकर प्लेटफार्म पर लाया गया.

### परिजनों को दी सूचना

आरपीएफ द्वारा की गई पूछताछ में युवक की पहचान वाराणसी निवासी संदीप चौधरी के तौर पर हुई. संदीप वाराणसी से नागपुर तक की यात्रा कर रहा था. लेकिन इसके लिए उसके पास कोई वैध टिकट भी नहीं था. लिहाजा बिना टिकट यात्रा करने और ट्रेन के टॉयलेट में कांच-खिड़की सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त करने के चलते उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई. पूछताछ में युवक ने बताया कि वह फोबिया जैसी मानसिक बीमारी से ग्रस्त है. ट्रेन में यात्रा के दौरान अचानक उसे अपनी जान का खतरा महसूस होने लगा. घबराहट के कारण उसने तोड़फोड़ शुरु कर दी. आरपीएफ द्वारा सूचना देकर परिजनों को बुला लिया गया. जिनकी मौजूदगी में आगे की कार्रवाई की गई.

# सांसद ने बरगी नहर की स्लीमनाबाद टनल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. बुधवार को सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने स्लीमनाबाद बस्ती के समीप निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल का औचक निरीक्षण किया।**

इस दौरान कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव एवं ठेकेदार कंपनी पटेल इंजीनियरिंग के जीएम उग्रसेन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सांसद को



अवगत कराया कि अप-स्ट्रीम टनल बोरिंग मशीन से चल रहे कार्य में अब केवल 524 मीटर खनन शेष बचा है। मशीन स्थानीय बस्ती के एक मकान के ठीक आगे तक सुरक्षित रूप से पहुंच चुकी है और कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। निरीक्षण उपरांत सांसद गणेश सिंह ने अधिकारियों व ठेकेदार को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि स्लीमनाबाद टनल का कार्य हर हाल में 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण करना है, इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सांसद गणेश सिंह ने इस दौरान कहा कि इस अतिमहत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स पर लाखों लोगों की उम्मीद जुड़ी हुई। दिनरात एक कर काम में तेजी लाई जाए ताकि टनल का काम जल्द से जल्द पूरा हो सके।

# जसो-दुरेहा मार्ग पर दो बाइक की टक्कर में 2 की मौत

▶ देर रात हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. जिले के जसो थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत हो गई। एक व्यक्ति ने कहा मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे की मौत रीवा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में सुरदहा निवासी धर्मेंद्र कोल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बमुरहिया निवासी रवि कुशवाहा को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों बाइक चालक अपने-अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोड़ पर उनकी बाइकों में टक्कर हो गई। राहगीरों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्मेंद्र कोल के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। गंभीर रूप से घायल रवि कुशवाहा को नागौद सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने रवि की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया। संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भागवत में हुई रुक्मणी विवाह की रस्म

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. श्रीमद भागवत कथा में भागवताचार्य गौकरणाचार्य जी महाराज ने कथा के पंचम दिवस की कथा में देवी रुक्मणी के संग भगवान श्री कृष्ण का धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ.**

विवाह की रस्म कथा मंडप में निभाई गई और भक्तों ने पाद्य प्रक्षालन कर भगवान की सजीव झांकी के दर्शन का लाभ लिया इस अवसर पर आचार्य जी ने भक्तों को भगवान की लीला के कथा रस का पान करते हुए बताया कि महाराज भीष्मक का पुत्र रुक्मी अपने पिता की इच्छा के



विपरीत रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था रुक्मणी भी इसके लिए राजी नहीं थी विवाह के रस्म के अनुसार जब रुक्मणी मां गिरिजा पूजन के लिए आयी तब श्री कृष्ण ने उन्हें अपने रथ में बैठा लिया तत्पश्चात रुक्मणी का विवाह भगवान श्री कृष्ण के साथ संपन्न हुआ.

# वार्ड-31 के सामुदायिक भवन का हुआ भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. महापौर योगेश ताम्रकार ने नगर के वार्ड क्रमांक 31 में 26.11 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया।**

नगर निगम सतना द्वारा वार्ड क्रमांक 31 में प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर योगेश कुमार ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। लगभग 26.11 लाख रुपये की लागत से यह सामुदायिक भवन निर्मित



किया जाएगा, जो स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा के रूप में विकसित होगा।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी एवं निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपी गेलानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेश तिवारी, पूर्व पार्षद रामकुमार तिवारी, स्मार्ट सिटी के डायरेक्टर एवं वार्ड 26 पार्षद महेंद्र पांडे, कमलेश सिंह, राधेश्याम मिश्रा, गंगाप्रसाद तिवारी, डी. डी. पांडेय तथा श्रवण कुमार द्विवेदी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड के बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे और सामुदायिक भवन के निर्माण को वार्ड के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, भवन का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा।

# आईटीआई के छात्रों को सैन्य क्षेत्र से जुड़ने की दी समझाइश

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. शासकीय आईटीआई सतना में आज कर्नल ऋतिक खानजोड़े की अगुवाई में जबलपुर जोन के रिक्रूटमेंट बोर्ड के द्वारा संस्था का दौरा किया गया.**

जिसमे कर्नल ऋतिक खानजोड़े (डायरेक्टर रिक्रूटमेंट बोर्ड जबलपुर), सूबेदार-मेजर जगजीवन सिंह(ए.आर.ओ जबलपुर),सूबेदार रवींद्र सिंह,हवलदार एन राव एवं हवलदार रवि शामिल थे 7 बोर्ड के द्वारा संस्था



का भ्रमण किया गया एवं छात्रों को अग्निपथ योजना के माध्यम से भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया एवं भारतीय सेना के तीनो अंगों जल थल एवं वायु सेना के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं बताया गया कि अग्निपथ योजना के तहत की जा रही अग्निवीर भर्ती में युवाओं को चार साल के लिए सशस्त्र बलों के साथ नौसेना और वायु सेना में सेवा करने का मौका मिलेगा जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा एवं लिखित, शारीरिक और अनुकूलन परीक्षा उतीर्ण करना होगा.

# स्वरोजगार योजना के आवेदन 20 तक

**सतना 10 दिसम्बर** 2025/वित्तीय वर्ष 2025-26 में विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदायों के बेरोजगारों को मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग, सेवा, व्यवसाय में अनुदान उपलब्ध कराकर उद्यम स्थापित कराना है। योजना के अंतर्गत मूलक प्रकरण के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत 18 से 55 वर्ष तक की उम्र के हितग्राही आवेदन कर सकते है.



# इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में फ्रेशर्स व फेयरवेल समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 दिसम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में मंगलवार को फ्रेशर्स कम फेयरवेल पार्टी का भव्य तथा उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।**

समारोह में नए छात्रों का स्वागत और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव तथा प्रशासक इंजीनियर आर.के.श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके प्रेरक उद्बोधन ने छात्रों में नयी ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार किया। विभागाध्यक्ष प्रो. रमा शुक्ला के निर्देशन में आयोजित इस समारोह को सफल बनाने में फैकल्टी सदस्यों अजय सिंह और दीपा शुक्ला का विशेष योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने परिचय सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत नृत्य, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लास से भर दिया। जूनियर्स ने सीनियर्स को यादगार विदाई दी, छात्रों ने विश्वविद्यालय में बिताए पलों को भावुकता से साझा किया। समारोह ने विभाग में गुरुङ्कशिष्य संबंधों की गरिमा और सौहार्दपूर्ण वातावरण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की गईं।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ने मनाया मानवाधिकार दिवस

नवभारत न्यूर्ज

**सतना. 10 दिसम्बर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।**

भारत में मानवाधिकार: चुनौतिया एवं समाधान% विषय पर केंद्रित संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश चंद्र राय ने की। श्री राय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारत में जमीनी




स्तर पर परिलक्षित मानवाधिकार हनन से जुड़े विविध मुद्दों को रेखांकित करते हुए कहा कि %आज भी हम असमान समाज में जी रहे हैं। सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि वह सामाजिक समरसता का संदेश दें। मानवाधिकारों का उपभोग केवल समान समाज में ही संभव है। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ ममता शर्मा ने महान चिंतक रूसो का संदर्भ देते हुए मानवाधिकारों की प्रासंगिकता को विस्तार से प्रतिपादित किया। आमंत्रित वक्ता के रूप में समाजकार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार रस्तोगी ने 21वीं शताब्दी में मानवाधिकारों के लिए पैदा हो चुके नए खतरों पर विस्तार से चर्चा की और मानव अधिकार संरक्षण की लिए युवाओं को सजग होने का आह्वान किया।

## एक नजर में



### राज्यमंत्री ने भंवर खरीदी केन्द्र का किया शुभारंभ


**सतना.** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने बुधवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भवर में बनाए गए नये खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि यह केन्द्र क्षेत्र के किसानों को बेहतर सुविधायें, समय पर समर्थन मूल्य तथा पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। खरीदी केन्द्र के आरंभ होने से स्थानीय कृषकों को लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित, ग्रामीण विकास और क्षेत्र की प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता लगातार जारी है। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।



### स्टेडियम में हुआ कबड्डी का ट्रायल

**सतना.** सागर जॉन स्टारी कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर महिला पुरुष का आज ट्रायल सतना जवाहर नगर स्टेडियम में रखा गया जिसमें सागर जॉन की आठ जिलों की टीम सतना कटनी निवाड़ी छतरपुर पन्ना डेमो हा सतना जिला सतना कॉरपोरेशन की टीम शामिल हुई जिसमें से सभी चयनित टीमों में से 24 महिला एवं 24 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया जो 11 तारीख से 14 तारीख तक खंडवा में आयोजित राज्य स्त्री कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामान्य महापौर योगेश तांबेकर जी रहे विशिष्ट तिथि के रूप में सुरेश प्रसाद तिवारी खेल विभाग जिला खेल कबड्डी अकादमी के वाइस प्रेसिडेंट अनूप सिंह एवं महेंद्र जैन राजेश पांडे समन्वयक जय सिंह वॉलीबॉल कोच एवं रामवीर के कबड्डी कोच उपस्थित रहे अखिलेश चतुर्वेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें से सभी चयनित खिलाड़ी आज ही खंडवा के लिए रवाना होंगे

### डोहर समाज के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए राजेंद्र डोहर



**सतना** ।बहुप्रतिक्षित डोहर समाज का चुनाव ग्राम पंचायत हटिया के सामुदायिक भवन में पांच बूथों के माध्यम से सम्पन्न हुआ जहाँ जिले भर से आये सामाजिक 3391 मतदाताओं ने मतदान किया एवं चुनाव प्रक्रिया की जिम्मेदारी निभा रहे मतदान कर्मियों नें शांति पूर्वक चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया ।इस चुनाव में युवा समाज सेवी राजेंद्र डोहर ने जीत हासिल की जिसपर सभी सामाजिक जनों का नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ने आभार प्रकट किया।